
# HASHTAG BELIEVER FOUNDATION

No.44, Talwari State, Talwari, Tehshil & Block : Tharali, District: Chamoli, Uttarakhand-246482, India
www.hashtagbelieverfoundation.com, E-Mail:- hashtagbeliever.foundation@gmail.com, Cell:+91-9873457160
Registered Under Indian Trust Act 1882 Regd.No.451, PAN : AACTH9531M, Niti Ayog: DL/2023/072845

## वार्षिक रिपोर्ट 2022-2023




01 जून 2022

आधुनिक शिक्षा व कौशल विकास तकनीकों को आधार मानकर ग्रामीण उत्तराखंड यूवा व महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हुए एक मज़बूत विचार और लक्षय के साथ दिनांक 01 जून 2022 को उत्तराखंड चमोली जिले के छोटे से गांव तलवाड़ी स्टेट पंचायत भवन के एक कमरे से "द ब्रेन जिम शिक्षा केंद्र" की शुरुआत हुई। यह केंद्र एक व्यक्तिगत प्रयास के रुप में शुरु हुआ जिसमें आगे बढ़ते हुए ग्राम सभा तलवाड़ी स्टेट सहित निकट ग्राम सभा तलवाड़ी खालसा, सेरा विजयपुर, थाला, लोलती, देवराड़ा, ग्वालदम, आदि अन्य का सहयोग और भागीदारी मिली।

मानसिक व्यायाम, पब्लिक स्पीकिंग, अंग्रेज़ी भाषा, आर्ट एंड परफॉर्मेंस, थिएटर एक्ट, संगीत कौशल, क्रिएटिव राइटिंग, अकादमिक पाठयक्रम का अध्ययन, विज्ञान व गणित प्रॉजेक्ट मॉडल, क्रिटिकल थिंकिंग, करियर काउंसलिंग आदि आदि माध्यमों से केंद्र में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को आधुनिक युग में प्रबलता से आगे बढ़ने के लिए तैयार करना हमारा लक्ष्य रहा। नशे-जुआ-बेरोज़गारी आदि कईं कारणों से घरेलू हिंसा में प्रताड़ित महिलाओं सहित, गरीब किसान, विधवा, त्यागी महिलाओं व किशोरियों को सामाजिक, व्यवसायिक आदि जागरूकता विषयों में सशक्त बनाकर आत्म निर्भर बनाना हमारा अन्य लक्ष्य रहा।

यूवा पीढ़ी किसी भी राज्य, राष्ट्र, या समाज की रीढ़ की हड्डी होती है। अतः ग्रामीण क्षेत्र में युवाओं का सशक्तिकरण हमारे प्रयासों का एक अहम हिस्सा रहा। इस विचार से ताकि ग्रामीण उत्तराखंड को नया और उज्वल कल दिया जा सके। क्यूंकि, यदि हर ग्रामीण उत्तराखंडी को आत्मनिर्भर बनेगा तभी संपूर्ण उत्तराखंड राज्य आत्मनिर्भर बन सकता है। आज देखते ही देखते जो पहल कभी व्यक्तिगत प्रयास से शुरु हुआ था, वही आज हजारों ज़रूरतमंद ग्रामीण उत्तराखंडियों की आवाज़ बन रहा है।

धन्यवाद
कंचन रावत
संस्थापक: द ब्रेन जिम शिक्षा केंद्र, हैशटैग बिलीवर

## वर्ष **2022-2023** कार्यक्रमों व गतिविधियों का ब्योरा

कार्यक्रम की सूची





दिनांक: 05 जून 2022 विश्व पर्यावरण दिवस समारोह
मुख्य अतिथि: डिप्टी रेंजर, अलकनंदा भूमि वन संरक्षण विभाग, थराली, चमोली उत्तराखंड।
स्थल: पंचायत भवन तलवाड़ी स्टेट, थराली उत्तराखंड।

बारे में: विश्व में विकास के नाम पर बढ़ते संकटों से पर्यावरण की सुरक्षा व संरक्षण हेतु संयुक्त राष्ट्र द्वारा सन् 1972 में इसकी घोषणा की गई और तभी से प्रत्येक वर्ष दिनांक 05 जून को यह दिवस पूरे विश्व में मनाया जाता है। उत्तराखंड जोकि 80 प्रतिशत के करीब जंगल है और जहां 60 प्रतिशत से अधिक लोग कृषि पर निर्भर है ज़ाहिर तौर पर पर्यावरण पर संकट के सीधे वार की मार झेलते आ रहे हैं। अतः पर्यावरण को मानव निर्मित संकटों से बचाने हेतु जागरुकता की पहल द ब्रेन जिम शिक्षा केंद्र द्वारा 05 जून 2022 को विश्व पर्यावरण दिवस के माध्यम से की गई जिसमें क्षेत्र वन विभाग के अधिकारियों सहित ग्रामीण बच्चों व अन्य लोगों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। क्षेत्र वासियों को पर्यावरण के महत्व समझाने के साथ साथ वन विभाग द्वारा दिए गए 100 से अधिक पौधे पंचायत भवन के आस पास लगाए गए।
शिक्षा केंद्र के विद्यार्थियों ने कार्यक्रम के दौरान लेखन व कला प्रतियोगिता में भाग लिया व विजेताओं को वन विभाग द्वारा पुरस्कृत किया गया।


# HASHTAG BELIEVER FOUNDATION

No.44, Talwari State, Talwari, Tehshil & Block : Tharali, District: Chamoli, Uttarakhand-246482, India

www.hashtagbelieverfoundation.com, E-Mail:- hashtagbeliever.foundation@gmail.com, Cell:+91-9873457160



Registered Under Indian Trust Act 1882 Regd.No.451, PAN : AACTH9531M, Niti Ayog: DL/2023/072845





दिनांक: 21 जून 2022 अंतरराष्ट्रीय योग दिवस
मुख्य अतिथि: श्रीमती दिक्षा जी, योग गुरु, दिल्ली।
स्थल: पंचायत भवन तलवाड़ी स्टेट, थराली उत्तराखंड।

बारे में: 21 जून जोकि उत्तरी गोलार्ध में वर्ष का सबसे लम्बा दिन होता है और योग भी मनुष्य को दीर्घायु बनाता है। अतः 11 दिसम्बर 2014 देश के माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वाहन पर संयुक्त राष्ट्र के 177 सदस्यों द्वारा 21 जून को 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' को मनाने के प्रस्ताव को मंजूरी मिली। भारत के इस प्रस्ताव को 90 दिन के अन्दर पूर्ण बहुमत से पारित किया गया, जो किसी प्रस्तावित दिवस को संयुक्त राष्ट्र संघ में पारित करने के लिए सबसे कम समय है।
योग जोकि जरिया है; मन को शरीर से, मनुष्य को प्रकृति से, व आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का। कई रोग जिसे रोग चिकित्सा विज्ञान में लाईलाज मान लिया जाता है कई बार योग में उसका समधान/उपचार मिलता आया है।
अतः उत्तराखंड में स्वास्थ सुविधा की चिंता पर चिंतन करते हुऐ ग्रामीण उत्तराखंड वासियों में योग के माध्यम से स्व उपचार को बढ़ावा देने हेतु यह दिवस द ब्रेन जिम शिक्षा केंद्र द्वारा दिनांक 21 जून 2022 को मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में दिल्ली से योग गुरू श्रीमती दिक्षा जी ने शिरकत की और बच्चों सहित कार्यक्रम में आए अन्य प्रतिभागियों को योग अभ्यास कराया।

# HASHTAG BELIEVER FOUNDATION

No.44, Talwari State, Talwari, Tehshil & Block : Tharali, District: Chamoli, Uttarakhand-246482, India
www.hashtagbelieverfoundation.com, E-Mail:- hashtagbeliever.foundation@gmail.com, Cell:+91-9873457160

Registered Under Indian Trust Act 1882 Regd.No.451, PAN : AACTH9531M, Niti Ayog: DL/2023/072845







दिनांक: 01 जुलाई 2022, राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस
मुख्य अतिथि: डाक्टर प्रशांत रावत, सरकारी चिकित्सक।
स्थल: सरकारी स्थानीय चिकित्सा केंद्र, तलवाड़ी स्टेट, थराली उत्तराखंड।

<u>बारे में:</u> विश्व भर में अलग अलग दिवसों पर मनाए जाने वाले चिकित्सक दिवस को भारत में राष्ट्र चिकित्सक दिवस के रुप में प्रति वर्ष 01 जुलाई को प्रसिद्ध चिकित्सक शिक्षाविद और बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री डॉ. बिधान चंद्र रॉय सहित अन्य चिकित्सकों को सम्मान देने हेतु मनाया जाता है। 01 जुलाई 1882 बिहार के पटना में डॉक्टर रॉय जी का जन्म हुआ और उनके प्रेरणा दायक कार्यों को 1976 में भारत रत्न के रुप में सम्मानित किया गया था। अतः उन्हें श्रद्धांजलि देने हेतु सन् 1991 से इस दिवस की शुरुवात की गई।
उत्तराखंड जोकि स्वयं चिकित्सा संबंधित मार झेल रहा है ऐसे में जो मानवता के नायक बनकर दिन रात यहां के लोगों की सेवा में लीन हैं ऐसे चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मचारियों को सम्मान देने हेतु द ब्रेन जिम शिक्षा केंद्र द्वारा 01 जुलाई 2022 को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस की शुरवात की गई। कार्यक्रम में केंद्र के बच्चों द्वारा स्थानीय सरकारी व निजी चिकित्सकों के लिए रैली निकाली गई और कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

# HASHTAG BELIEVER FOUNDATION

No.44, Talwari State, Talwari, Tehshil & Block : Tharali, District: Chamoli, Uttarakhand-246482, India
**www.hashtagbelieverfoundation.com, E-Mail:- hashtagbeliever.foundation@gmail.com, Cell:+91-9873457160**
**Registered Under Indian Trust Act 1882 Regd.No.451, PAN : AACTH9531M, Niti Ayog: DL/2023/072845**




दिनांक: 11 जुलाई 2022 विश्व जनसंख्या दिवस
मुख्य अतिथि: पूर्व ग्राम प्रधान व समाज सेवी भारतीय सेना रिटायर्ड श्री गोपाल सिंह फर्सवान जी।
स्थल: पंचायत भवन, तलवाड़ी स्टेट, थराली उत्तराखंड।

<u>बारे में:</u> आंकड़ों की मानें तो 11 जुलाई 1987 तक वर्ल्ड पॉपुलेशन का आंकड़ा 5 अरब पार पहुंच चुका था। तब दुनियाभर के लोगों को बढ़ती आबादी के प्रति जागरूक करने के लिए विश्व जनसंख्या दिवस को वैश्विक स्तर पर मनाने का फैसला लिया गया था। तत्पश्चात 11 जुलाई 1989 को यूनाइटेड नेशन ने एक सभा का आयोजन कर 'विश्व जनसंख्या दिवस' मनाना निश्चित हुआ।
उत्तराखंड जहां पलायन एक मुद्दा है ग्रामीण क्षेत्रों से लोगों का शहरी क्षेत्रों में बढ़ने का वहीं क्षेत्र में बढ़ती जनसंख्या के मुख्य कारणों को इंगित करते हुऐ द ब्रेन जिम शिक्षा केंद्र द्वारा थिएटर एक्ट के रुप में दिनांक 11 जुलाई 2022 विश्व जनसंख्या दिवस के कार्यक्रम में "बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर बेटे की चाह में जनसंख्या न बढ़ाओ" का नारा दिया गया। अशिक्षा, बालविवाह व घरेलू हिस्सा, आदि मुद्दों पर बेटियों पर हो रहे अत्याचारों पर आवाज़ बुलंद की गई। मुख्य अतिथि के रुप में ग्राम के पूर्व प्रधान व समाज सेवी श्री गोपाल सिंह फर्सवान जी ने कार्यक्रम बेटियों का मनोबल बढ़ाया।

HASHTAG BELIEVER FOUNDATION
No.44, Talwari State, Talwari, Tehshil & Block : Tharali, District: Chamoli, Uttarakhand-246482, India
www.hashtagbelieverfoundation.com, E-Mail:- hashtagbeliever.foundation@gmail.com, Cell:+91-9873457160
Registered Under Indian Trust Act 1882 Regd.No.451, PAN : AACTH9531M, Niti Ayog: DL/2023/072845




दिनांक 15 अगस्त 2022 आज़ादी का अमृत महोत्सव
मुख्य अतिथि: श्री रविन्द्र कुमार निराला जी, रेंजर अधिकारी, अलकनंदा भूमि वन संरक्षण विभाग।
पशुपालन मंत्री श्री सौरभ बहुगुणा जी, उत्तराखंड।
स्थल: पंचायत भवन, तलवाड़ी स्टेट, थराली उत्तराखंड।

बारे में: आधिकारिक तौर पर ब्रिटिश शासन से देश को मिली आज़ादी को 75 वर्ष होने की खुशी पर स्वतंत्रता दिवस का अमृत महोत्सव दिनांक 15 अगस्त 2022 को द ब्रेन जिम शिक्षा केंद्र द्वारा उत्तराखंड सांस्कृतिक कार्यक्रम के रुप में मनाया गया। भाषा व संस्कृति की विभिन्नताओं से भरे हमारे देश की आज़ादी के इस दिवस में केंद्र के विद्यार्थियो सहित आस पास की महिला मंगल दलों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्झलकियां प्रस्तूत की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में रेंजर अधिकारी श्री रविन्द्र कुमार निराला जी व माननीय पशुपालन मंत्री श्री सौरभ बहुगुणा जी ने शिरकत की। कार्यक्रम में अन्य विभागों से अधिकारियों ने भी शिरकत की। व दूर दराज से आए दर्शकों ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। क्षेत्र में अच्छे कामों को बढ़ावा देते हुए निस्वार्थ सेवारत समाज सेवियों को पुरुस्कार से सम्मानित किया गया।
कार्यक्रम के माध्यम से शिक्षा केंद्र द्वारा क्षेत्र में आत्मनिर्भर होने का नारा दिया गया जिसमें सूर सूर मिलाकर पूरी जनता ने अपना समर्थन व सहयोग दिया। कार्यक्रम मंच से पशुपालन मंत्री श्री सौरभ बहुगुणा जी ने क्षेत्र में ब्रिटिश काल से चले आ रहे शतकों पूर्व मत्स्य प्रजनन केंद्र में पर्यटक रिजॉर्ट बनाने, व पशुपालन केंद्र बनाने की वर्षों पूर्व मांग को पूरा करने की घोषणा की। अतः इस कार्यक्रम के माध्यम से हुई दोनों घोषणाओं से क्षेत्र ने विकास व सुविधा की ओर एक कदम आगे बढ़ाया।


# HASHTAG BELIEVER FOUNDATION

**No.44, Talwari State, Talwari, Tehshil & Block : Tharali, District: Chamoli, Uttarakhand-246482, India**

**www.hashtagbelieverfoundation.com, E-Mail:- hashtagbeliever.foundation@gmail.com, Cell:+91-9873457160**

**Registered Under Indian Trust Act 1882 Regd.No.451, PAN : AACTH9531M, Niti Ayog: DL/2023/072845**




दिनांक: 30 अक्टूबर 2022 संपूर्ण रामायण लव कुश वाणी थिएटर एक्ट
मुख्य अतिथि**:** श्री हरीश जोशी जी, संसद प्रतिनिधि, ग्वालदम उत्तराखंड।
स्थल: पंचायत भवन, तलवाड़ी स्टेट थराली उत्तराखंड।

<u>बारे में</u>**:** विकास के नाम पर नव यूवा पीढ़ी में बढ़ती नशे जुए व फोन की लत आदि कू आदतों से दैनिक व्यवहार में आते गलत बदलाव को भक्ति व धर्म का मार्ग देने हेतु श्री राम जी के जीवन चरित्र का वर्णन द ब्रेन जिम शिक्षा केंद्र द्वारा थियेटर एक्ट के माध्यम से किया गया। क्यूंकि चलचित्र अभिनय थिएटर, यह वो माध्यम है जोकि हर पीढ़ी को बहुत तेज़ी से प्रभावित करता आ रहा है। अतः कला को हथियार बनाकर क्षेत्र में थिएटर कला व श्री राम चरित्र का प्रचार प्रसार "सम्पूर्ण रामायण लव कुश वाणी" के रूप में दिनांक 30 अक्टूबर 2022 को किया गया।
कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में संसद प्रतिनिधी श्री हरीश जोशी जी सहित स्थानीय डिग्री कॉलेज के संस्कृत प्रोफेसर श्री पंत जी ने शिरकत की।

# HASHTAG BELIEVER FOUNDATION

No.44, Talwari State, Talwari, Tehshil & Block : Tharali, District: Chamoli, Uttarakhand-246482, India

**www.hashtagbelieverfoundation.com, E-Mail:- hashtagbeliever.foundation@gmail.com, Cell:+91-9873457160**

**Registered Under Indian Trust Act 1882 Regd.No.451, PAN : AACTH9531M, Niti Ayog: DL/2023/072845**


शिक्षा केंद्र के विद्यार्थियों व प्रोफेशनल थिएटर कलाकार द्वारा इस थिएटर एक्ट के माध्यम से श्री राम जी के जन्म से लेकर माता सीता जी के धरती में समाने तक की कथा का मंचन किया।




दिनांक: 02 दिसंबर 2022, राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस "वन मिनिट उत्तराखंड मिशन"
मुख्य अतिथि: श्री गोपाल सिंह फर्सवान जी: पूर्व ग्राम प्रधान व समाज सेवी, श्रीमती दीपा देवी जी, ग्राम प्रधान तलवाड़ी स्टेट, थराली उत्तराखंड।
स्थल: पंचायत भवन, तलवाड़ी स्टेट थराली उत्तराखंड।

**बारे में:** 02- 03 दिसंबर 1984 भोपाल गैस त्रासदी से हुए भयंकर परिणाम को याद करते हुऐ मरने वाले मृतकों की याद में प्रतिवर्ष भारत में 02 दिसंबर को यह दिवस मनाया जाता है। भोपाल गैस त्रासदी इतिहास की सबसे घातक और बड़ी औद्योगिक प्रदूषण आपदाओं में से एक है। रिपोर्ट्स की माने तो प्रदूषण का स्तर इतना बड़ चुका है कि देश में हर साल 70 लाख लोग वायु प्रदूषण के कारण मर रहे हैं और 10 में से 9 लोगों को शुद्ध हवा नहीं मिल पा रही है।

पारिस्थितिक रुप से संवेदनशील राज्य उत्तराखंड में विकास के नाम पर तेज़ी से हो रहे बदलाव का भुगतान क्लाइमेट में होते अकसमत व अनावश्यक दबाव के रुप में हम देख सकते हैं जोकि ग्लोबल वार्मिंग की समस्या को बढ़ाने में अपना योगदान देता आ रहा है। जिसमें प्लास्टिक कचरा एक बहुत बढ़ा मुद्दा है। अतः क्षेत्र में प्लास्टिक व अन्य कचरे के सही और नियमित उपयोग व निपटान के प्रति जागरुकता फैलाने हेतु द ब्रेन जिम शिक्षा केंद्र द्वारा इस कार्यक्रम के माध्यम से एक स्वच्छता "वन मिनिट उत्तराखंड" का आह्वाहन किया गया। जिसमें स्थानीय विद्यालय, कॉलेज, व्यापार संघ सहित आम जनता ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया।

# HASHTAG BELIEVER FOUNDATION


No.44, Talwari State, Talwari, Tehshil & Block : Tharali, District: Chamoli, Uttarakhand-246482, India

**www.hashtagbelieverfoundation.com, E-Mail:- hashtagbeliever.foundation@gmail.com, Cell:+91-9873457160**

**Registered Under Indian Trust Act 1882 Regd.No.451, PAN : AACTH9531M, Niti Ayog: DL/2023/072845**









दिनांक: 01 जनवरी 2023, नव वर्ष महोत्सव
मुख्य अतिथि: श्री भूपाल राम टम्टा जी, माननीय विधायक, थराली उत्तराखंड।
स्थल: पंचायत भवन, तलवाड़ी स्टेट थराली उत्तराखंड।

<u>बारे में</u>: नव वर्ष के शुभ अवसर पर ग्राम तलवाड़ी जुनख्यानी की नव गठित महिला मंगल दल का प्रोत्साहन बढ़ाते हुए उत्तराखंड में महिलाओं के संघर्ष और बलिदान को सांस्कृतिक और नाटकीय प्रस्तुति के रूप में दर्शाया गया। कार्यक्रम में हमारे शिक्षा केंद्र से प्रभावित होकर क्षेत्र के माननीय विधायक श्री भूपाल राम टम्टा जी ने मुख्य अतिथि के रुप में शिरकत की। साथ में संसद प्रतिनिधि श्री हरीश जोशी जी ने भी कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज की।

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण बच्चों को महिला सम्मान का उपदेश मिला तो महिलाओं ने गंभीर नाट्य प्रस्तुति से समाज में अपनी भूमिका को पहचाना, जोकि हमारे कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य था।

# HASHTAG BELIEVER FOUNDATION

No.44, Talwari State, Talwari, Tehshil & Block : Tharali, District: Chamoli, Uttarakhand-246482, India
www.hashtagbelieverfoundation.com, E-Mail:- hashtagbeliever.foundation@gmail.com, Cell:+91-9873457160

Registered Under Indian Trust Act 1882 Regd.No.451, PAN : AACTH9531M, Niti Ayog: DL/2023/072845










दिनांक: 12 मार्च 2023 अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस।
मुख्य अतिथि: श्रीमती गौरा देवी जी: ममद देवराड़ा, श्रीमती त्रिलोचन देगी: ममद गुड़म स्टेट, श्रीमती शशि देवी: ममद जुनख्यानी, श्रीमती गुड्डी देवी: ममद हरतोली स्टेट, श्रीमती रेखा देवी: ममद ग्राम थाला।
स्थल: पंचायत भवन, तलवाड़ी स्टेट थराली उत्तराखंड।

बारे में: महिलाओं की स्थिति और संघर्ष की गाथा नाट्य और सांस्कृतिक अंदाज़ में दर्शाते हुए द ब्रेन जिम शिक्षा केंद्र के बच्चों सहित आस पास के ग्राम (जुनख्यानी, खालसा, हरतोली, गुड़म,
थाला, देवराड़ा, ग्वालदम) की महिला मंगल दल द्वारा गंभीर व शब्दहीन प्रस्तुति दी गईं। वृद्ध महिला वर्ग द्वारा बरह अवतार का मंचन के अतिरिक्त, बाल विवाह, नशा मुक्ति, आदि जैसे अहम कार्यक्रमों के बीच उत्तराखंड की

सांस्कृतिक झलकियां कार्यक्रम में आकर्षण का केंद्र थी। समाज व गृहस्ती में अलग अलग कारणों से प्रभावित व प्रताड़ित महिलाओं का मनोबल बढ़ाते हुए विभिन्न ग्रामों की महिला मंगल दलों को सशक्त महिला दल से सम्मानित किया गया। उदाहरणतः नशा मुक्ति क्षेत्र में अचूक प्रयास करने पर ग्वालदाम महिला मंगल दल को सम्मानित किया गया। पौराणिक कथाओं व हमारी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए ग्राम देवराड़ा महिला मंगल दल को सम्मानित किया गया।

<u>गतिविधियों की सूची</u>



दिनांक: 3 जून 2022, क्रिएटिव राइटिंग प्रतियोगिता।
स्थल: द ब्रेन जिम शिक्षा केंद्र, पंचायत भवन तलवाड़ी स्टेट थराली उत्तराखंड।





दिनांक: 13 अगस्त 2022 हर घर तिरंगा रैली

HASHTAG BELIEVER FOUNDATION

# HASHTAG BELIEVER FOUNDATION

No.44, Talwari State, Talwari, Tehshil & Block : Tharali, District: Chamoli, Uttarakhand-246482, India
www.hashtagbelieverfoundation.com, E-Mail:- hashtagbeliever.foundation@gmail.com, Cell:+91-9873457160
Registered Under Indian Trust Act 1882 Regd.No.451, PAN : AACTH9531M, Niti Ayog: DL/2023/072845

स्थल: मेन रोड तलवाड़ी स्टेट, थराली उत्तराखंड।






दिनांक: 28 नवंबर अंडर 14 से 17 कब्बड़ी व खोखो मैच
स्थल: खेल मैदान, तलवाड़ी स्टेट थराली उत्तराखंड।




दिनांक: 11दिसंबर 2022, 14 वर्ष पश्चात महिला मंगल दल चुनाव व गठन।
स्थल:  राजस्व ग्राम तलवाड़ी जुनख्यानी, ग्राम सभा तलवाड़ी स्टेट, थराली उत्तराखंड।

# HASHTAG BELIEVER FOUNDATION

No.44, Talwari State, Talwari, Tehshil & Block : Tharali, District: Chamoli, Uttarakhand-246482, India
www.hashtagbelieverfoundation.com, E-Mail:- hashtagbeliever.foundation@gmail.com, Cell:+91-9873457160

Registered Under Indian Trust Act 1882 Regd.No.451, PAN : AACTH9531M, Niti Ayog: DL/2023/072845





दिनांक: 18 दिसंबर 2022, स्वच्छता अभियान, महिला मंगल दल जुनक्यानी, तलवाड़ी।
स्थल:  राजस्व ग्राम तलवाड़ी जुनख्यानी, ग्राम सभा तलवाड़ी स्टेट, थराली उत्तराखंड।




दिनांक: 09 जनवरी 2023 45 वर्ष पश्चात ग्राम सभा तलवाड़ी स्टेट में यूवा मंगल दल चुनाव व गठन।
स्थल: द ब्रेन जिम शिक्षा केंद्र, पंचायत भवन तलवाड़ी स्टेट थराली उत्तराखंड।

# HASHTAG BELIEVER FOUNDATION

No.44, Talwari State, Talwari, Tehshil & Block : Tharali, District: Chamoli, Uttarakhand-246482, India

**www.hashtagbelieverfoundation.com, E-Mail:- hashtagbeliever.foundation@gmail.com, Cell:+91-9873457160**

**Registered Under Indian Trust Act 1882 Regd.No.451, PAN : AACTH9531M, Niti Ayog: DL/2023/072845**





दिनांक: 19 मार्च 2023, शतक पूर्व गतिरोधित मुद्दा, ग्राम सभा (जिसमें तीन राजस्व; जुनख्यानी, हरतोली, गुड़म आते हैं) को एक मंच पर लाकर एक संयुक्त महिला मंगल दल चुनाव व गठन, ग्राम सभा तलवाड़ी स्टेट। स्थल: द ब्रेन जिम शिक्षा केंद्र, पंचायत भवन तलवाड़ी स्टेट थराली उत्तराखंड।







HASHTAG BELIEVER FOUNDATION


# HASHTAG BELIEVER FOUNDATION

No.44, Talwari State, Talwari, Tehshil & Block : Tharali, District: Chamoli, Uttarakhand-246482, India
www.hashtagbelieverfoundation.com, E-Mail:- hashtagbeliever.foundation@gmail.com, Cell:+91-9873457160

Registered Under Indian Trust Act 1882 Regd.No.451, PAN : AACTH9531M, Niti Ayog: DL/2023/072845

दिनांक: 27 मार्च 2023, शतकों प्राचीन जर्जर हालत में अस्तित्व की जंग लड़ते शिवालय मंदिर के पुनः उत्थान हेतु तीन ग्राम सभा ( तलवाड़ी स्टेट, खालसा, सेरा विजयपुर) को एक जुट करकर एक संयुंक्त समिति का चुनाव व गठन।
स्थल: महादेव मंदिर परिसर, माई धार, तलवाड़ी स्टेट थराली उत्तराखंड।



दिनांक:12 अप्रैल 2023 कला महोत्सव (क्रिटिकल थिंकिंग को कला और इमेजिनेशन के माध्यम से विकसित करने हेतू), द ब्रेन जिम शिक्षा केंद्र।
स्थल: द ब्रेन जिम शिक्षा केंद्र, पंचायत भवन तलवाड़ी स्टेट थराली उत्तराखंड।

धन्यवाद